an>

Title: Regarding expansion of Faizabad Air Strip in Uttar Pradesh.

श्री लल्लू सिंह (फ़ैज़ाबाद) : उपाध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र फ़ैज़ाबाद में स्थित विमानतल को कार्गो विमानतल के रूप में विकसित करने के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्Âिात करना चाहता हूँ। फ़ैज़ाबाद एक ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक स्थल है जहाँ पर अयोध्या, मखौड़ा, स्वामीनारायण छपिया जैसे महत्वपूर्ण स्थान हैं। पूरी दुनिया से लोग यहाँ पर आते हैं और पर्यटन की दृÂिट से श्रद्धालु के रूप में यहाँ दर्शन करते हैं और घूमते हैं।

फ़ैज़ाबाद का जो विमानतल है, यह ब्रिटिश काल में निर्मित हुआ था और आज केवल अति-विशिÂट लोगों के उतरने के लिए ही उसका उपयोग होता है। यदि इस विमानतल को कार्गो एयरपोर्ट के रूप में विकसित किया जाए तो फ़ैज़ाबाद के आसपास के आठ-दस जिले, गोंडा, बहराइच, बस्ती, सुल्तानपुर और अंबेडकर नगर की उपजाऊ भूमि पर कृÂिा जिन्सों के विकास, खाद्य प्रसंस्करण, पैकेजिंग और ट्रांसपोर्ट उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। इस सम्बन्ध में हमने माननीय नागरिक उड्डयन मंत्री जी को पत्र लिखा था और उन्होंने अपने जवाब में कहा था कि इसको कारगो हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जायेगा। इसके साथ-साथ ही राÂट्रीय सुरक्षा की दृÂिट से भी फैजाबाद में, चूंकि वहां पर सेना की बड़ी छावनी है, आज देश को सबसे बड़ा खतरा जिस देश से है, वह चाइना है। अगर कभी किसी प्रकार का खतरा इस देश को हो सकता है तो अगर यह हवाई पट्टी बन जायेगी तो उस दृÂिट से भी इसका उपयोग हो सकेगा।

मान्यवर, इस एयर स्ट्रिप के निर्माण होने से जहां रोजगार मिलेगा, जहां देश की सुरक्षा की दृÂिट से यह महत्वपूर्ण है, इस सब को देखते हुए भी उत्तर प्रदेश की जो सरकार है, उसके प्रमुख सचिव, नागरिक उड्डयन ने अभी भूमि अधिग्रहण पर कुछ दिनों पहले रोक लगा दी है, जिसके कारण इस विस्तारीकरण योजना पर खतरा उत्पन्न हो गया है, इसलिए आपके माध्यम से हम सरकार से इसके लिए आग्रह करते हैं।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is allowed to associate with the issue raised by Shri Lallu Singh.

12.45 hrs

SUBMISSIONS BY MEMBERS ...Contd.